राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी को दी भावभीनी विदाई

जयपुर, 7 जनवरी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के तीन दिवसीय राजस्थान प्रवास पश्चात राजधानी दिल्ली लौटने पर हवाई अड्डे पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।
उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में देशभर के पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों के 58वें सम्मेलन में भाग लेने के लिए जयपुर आए थे। वह 5 जनवरी सांय को जयपुर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने राजभवन विश्राम गृह में रात्रि विश्राम किया था। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजभवन विश्राम गृह में उनसे इस दौरान विशेष मुलाकात कर प्रदेश के विकास और संवैधानिक जागरूकता संबंधित मुद्दों पर चर्चा भी की।